नोटिस बैनर | सीबीएसई : 15 मई से शुरू होगी 10वीं की दूसरी बोर्ड परीक्षा, शेड्यूल जारी | बीसीइसीइ : 30 व 31 मई को होगी बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा | prabhatkhabar.com

एक घंटे की बारिश में चेनारी की सड़कें बनीं तालाब, खुली नगर पंचायत की पोल

- राहगीरों और दुकानदारों को हुई परेशानी, बदहाल ड्रेनेज सिस्टम पर उठे सवाल
- मल्लीपुर रोड और गांधी चौक पर भारी जलजमाव, नरकीय स्थिति में जीने को विवश नगरवासी

प्रतिनिधि, चेनारी

गुरुवार की दोपहर करीब 12 बजे हुई एक घंटे की झमाझम बारिश ने जहां लोगों को भीषण गर्मी से राहत दी, वहीं नगर पंचायत चेनारी की बदहाल व्यवस्था की पोल भी खोल दी. हल्की से मध्यम बारिश में ही शहर के कई इलाकों में जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गयी, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो गया. बारिश के बाद चेनारी-मल्लीपुर रोड स्थित स्मार्ट मॉल के समीप, सत्ते सिंह चौक, कपूरी चौक, अकरम अली मोड़, डाक बंगला मार्केट और गांधी चौक-पेवंदी गांव रोड सहित कई सड़कें जलमग्न हो गयीं. नालियों का गंदा पानी ओवरफ्लो होकर सड़क पर बहने लगा, जिससे राहगीरों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ी. बाइक सवारों और पैदल चलने वालों को कीचड़ और बदबूदार पानी से होकर गुजरना पड़ा.विभिन्न स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को भी काफी परेशानी हुई. चेनारी-मल्लीपुर स्टेट हाइवे पर वार्ड संख्या छह में नालियों का पानी सड़क पर बहता दिखा. स्थानीय लोगों का कहना है कि बरसात में हर वर्ष यह समस्या और गंभीर हो जाती है. कई बार नगर पंचायत को अवगत कराने के बावजूद कोई ठोस पहल नहीं की गयी.

ड्रेनेज सिस्टम की खुली पोल : बारिश ने नगर पंचायत के ड्रेनेज सिस्टम और नालियों के जीर्णोद्धार के दावों की भी पोल खोल दी. कई जगह नालियां जाम रहने के कारण पानी सीधे सड़क पर बहने लगा. स्थानीय लोगों का कहना है कि हर साल बारिश में यही स्थिति होती है, लेकिन स्थायी समाधान की दिशा में कोई कार्रवाई नहीं होती.

सब्जी मंडी और बाजार क्षेत्रों में बढ़ी परेशानी : नगर पंचायत क्षेत्र स्थित कृषक कुमार स्मारक के समीप अस्थायी सब्जी मंडी और चेनारी-मल्लीपुर रोड स्थित स्मार्ट प्वाइंट के पास भी जलजमाव की गंभीर समस्या देखने को मिली.

दुकानदारों को सामान बचाने में मशक्कत करनी पड़ी, जबकि ग्राहकों की आवाजाही प्रभावित रही. गंदे पानी और बदबू के कारण व्यापार पर भी असर पड़ा. डाक बंगला मार्केट से मुख्य बाजार जाने वाली सड़कों पर भी पानी भर गया, जिससे कार्यालय आने-जाने वाले लोगों को काफी कठिनाई हुई.

बारिश से सड़क पर जमा पानी.

हाइस्कूल मैदान बना तालाब

सोमवार और मंगलवार को हुई बारिश के बाद नगर पंचायत चेनारी स्थित रामदुलारी गंगा इंटरनेशनल विद्यालय का मैदान भी पानी से लबालब हो गया. यहां प्रतिदिन खेलने और टहलने आने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. खिलाड़ियों ने अभ्यास पर भी इसका असर पड़ने की आशंका है. स्थानीय खिलाड़ियों ने बताया कि मैदान को समतल करने की कई बार जिला प्रशासन से की गयी, लेकिन अब तक कोई ठोस नहीं हुई. बारिश के बाद मैदान की स्थिति और भयावह हो गयी है.

बेलगाम ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार अधेड़ की मौत

- मुआवजे व ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर किया रोड जाम
- जगदीशपुर थाना क्षेत्र के हरिगांव के समीप गुरुवार की सुबह हुई घटना

प्रतिनिधि, आरा

आरा-मोहनिया नेशनल हाइवे पर जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के हरिगांव के समीप गुरुवार की सुबह शेरातल निवासी बाइक सवार अधेड़ की एक ट्रैक्टर ने रौंद दिया. हादसे में उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी. वहीं, घटना के बाद चालक ट्रैक्टर लेकर मौके से फरार हो गया. उधर, घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों व परिजन का आक्रोश भड़क उठा. आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग व ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार करने को लेकर हरिगांव के समीप शव के साथ रोड जाम कर दिया. करीब चार घंटे तक जाम होने से सड़क की दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइन लग गयी और आवागमन पूरी तरह ठप रहा. सूचना पाकर जगदीशपुर थानाध्यक्ष सुशांत कुमार मंडल पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों को समझा-बुझाकर जाम को हटवाया. इसके बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाया. जानकारी के अनुसार मृतक रोहतास जिला के दिनारा थाना क्षेत्र भरडुआ गांव निवासी रामदीप सिंह के 52 वर्षीय पुत्र जितेंद्र कुमार सिंह है. वह दिल्ली में रहकर प्राइवेट कंपनी में काम करते थे. इधर, मृतक के फुफेरे भाई आदित्य कुमार सिंह ने बताया कि वह बाइक से उदवंतनगर थाना क्षेत्र के तेतरिया गांव अपनी बुआ के घर जा रहे थे. उसी दौरान हरिगांव के समीप गलत दिशा से आ रहे बेलगाम ट्रैक्टर ने उन्हें रौंद दिया, जिसमें उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी.

इसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा उन्हीं के मोबाइल से फोन पर इसकी जानकारी परिजनों को दी. तब सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचे. बताया जाता है कि मृतक अपने तीन भाई व दो बहन में बड़े थे. उनके परिवार में पत्नी उषा देवी, दो पुत्री रीती कुमारी, प्रिया कुमारी व दो पुत्र प्रिंस कुमार व उज्ज्वल कुमार है. घटना के बाद मृतक के घर में हाहाकार मच गया है. उसकी पत्नी उषा देवी व परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है.

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में संभागीय खेलकूद महोत्सव संपन्न

एथलेटिक्स में सासाराम और रोप स्किपिंग में आरा बना ओवरऑल चैंपियन

खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट और विभिन्न स्पर्धाओं में दिखायी प्रतिभा

प्रतिनिधि, सासाराम ऑफिस

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सासाराम में दो दिवसीय 55वीं संभागीय खेलकूद महोत्सव का आयोजन किया गया. पांच व 6 मई 2026 तक चले इस कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य सुरेंद्र कुमार वर्मा ने ध्वजारोहण व मशाल प्रज्वलित कर किया.कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय विद्यालय गया नंबर-1 के प्राचार्य अशोक कुमार गुप्ता उपस्थित रहे. छात्र-छात्राओं ने स्वागत गान प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया.महोत्सव के दौरान विभिन्न विद्यालयों से पहुंचे प्रतिभागियों ने मार्च पास्ट कर मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि को सलामी दी व खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने की शपथ ली. इसके बाद रोप स्किपिंग और एथलेटिक्स की विभिन्न स्पर्धाओं का आयोजन हुआ, जिसमें खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया. प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों में उत्साह और जोश देखने को मिला. समापन समारोह में मुख्य अतिथि ने विजेता खिलाड़ियों को पदक और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया. एथलेटिक्स प्रतियोगिता में ओवरऑल चैंपियन का खिताब पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सासाराम ने अपने नाम किया, जबकि दूसरा स्थान केंद्रीय विद्यालय गया नंबर-एक को मिला. वहीं रोप स्किपिंग प्रतियोगिता में ओवरऑल चैंपियन पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय आरा बना और दूसरा स्थान पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय कंकड़बाग द्वितीय पाली को प्राप्त हुआ.कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य सुरेंद्र कुमार वर्मा ने महोत्सव का ध्वज उतारकर समापन की घोषणा की.

चैंपियनशिप में विजेताओं को सम्मानित करते अतिथि .

विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक पूर्णवासी सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभी प्रतिभागियों, अनुरक्षकों और अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया. कार्यक्रम का संचालन खेलकूद शिक्षक व महोत्सव प्रभारी अजीत कुमार ने किया. विद्यालय के सभी शिक्षक और छात्र-छात्राओं ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी.

पंचायत सचिवों की हड़ताल से जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र बनना ठप

- एक माह से विकास कार्य प्रभावित ग्रामीण परेशान
- आइडी चेंज होते ही दिनों में शुरू होगा काम : बीडीओ

प्रतिनिधि, इंद्रपुरी

डेहरी प्रखंड में पंचायत सचिवों की हड़ताल करीब एक माह से जारी है. इसके कारण पंचायतों में विकास कार्य प्रभावित हो गया है. वहीं जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने का काम भी ठप पड़ गया है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है.ग्रामीणों का कहना है कि अब तक पंचायत भवनों में वैकल्पिक पंचायत सचिव की प्रतिनियुक्ति नहीं की गयी है. पैसरा पंचायत के बरसौपुर निवासी राजेश कुमार ने बताया कि पंचायत सचिव के नहीं रहने से जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र नहीं बन पा रहा है. उन्होंने कहा कि बच्चे का आधार कार्ड बनवाकर स्कूल में जमा करना है, लेकिन कागजात किसे दें, यह समझ में नहीं आ रहा है. वहीं सरपंच प्रतिनिधि श्रवण गुप्ता ने बताया कि पंचायत सचिव के अभाव में जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र से जुड़े सभी कार्य बाधित हैं. उन्होंने कहा कि एक माह तक काम लंबित रहने से लोगों की परेशानी बढ़ गयी है. एक माह के भीतर बच्चों का जन्म प्रमाणपत्र पंचायत स्तर पर बन जाता है, लेकिन देरी होने पर नोटरी से शपथ पत्र बनवाने में ढाई से तीन सौ रुपये खर्च करने पड़ते हैं. गरीब परिवारों के लिए यह अतिरिक्त बोझ है.

जिलास्तर से वैकल्पिक व्यवस्था की गयी है : इस संबंध में डेहरी बीडीओ अजीत कुमार ने बताया कि पंचायत सचिव हड़ताल पर हैं, जिसके कारण जिला स्तर से वैकल्पिक व्यवस्था की गयी है. दूसरे क्षेत्रों के पुराने पंचायत सचिवों को प्रतिनियुक्ति किया गया है और उनका आइडी चेंज कराने की प्रक्रिया चल रही है.उन्होंने बताया कि आइडी चेंज होते ही एक-दो दिनों में काम फिर से शुरू हो जायेगा. फिलहाल एक पंचायत सचिव को 13 पंचायतों की जिम्मेदारी दी गयी है. बीडीओ ने कहा कि डेहरी में पुराने पंचायत सचिव उपलब्ध नहीं थे, जिसके कारण बीच में काम प्रभावित हुआ. जन्म प्रमाणपत्र बनाने के लिए पंचायत सचिव का आइडी आवश्यक होता है, जिसे जिलास्तर पर स्वीकृति के लिए भेजा गया है.

गर्भवती महिलाओं की हुई गोद भराई

सूर्यपुरा.प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर गुरुवार को पोषक क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं की गोद भराई रस्म का आयोजन किया गया. प्रखंड मुख्यालय स्थित आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र बीचली गली की सेविका सुभावती देवी और नारायणपुर रतनपट्टी केंद्र की सेविका कुशुम कुंवर समेत अन्य केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं की गोद भरायी की गयी. इस दौरान लाभार्थी शालिनी कुमारी, पति सोनू सिंह सहित कई गर्भवती महिलाएं मौजूद रहीं.

पिता के सपनों को पूरा करने के लिए तय तिथि पर ही होंगी बच्चों की शादी की रस्में

फॉलोअप

- सड़क हादसे में पिता की हो गयी थी मौत, फिर भी परिजनों ने लिया शादी करवाने का निर्णय

प्रतिनिधि, दिनारा

महरोइ गांव निवासी छोटे किसान हाकिम शाह की सड़क हादसे में हुई मौत के बाद पूरा परिवार गहरे सदमे में है. घर में एक ओर मातम पसरा है, तो दूसरी ओर बच्चों की शादी की तैयारियों की लेकर भावुक माहौल बना हुआ है. परिजनों ने हाकिम शाह की अंतिम इच्छाओं और सपनों का सम्मान करते हुए उनकी तिथि पर ही विवाह संबंधी सभी रस्में पूरी करने का निर्णय लिया है.मृतक के पुत्र मनु साह ने बताया कि उनके पिता बच्चों की शादी को लेकर काफी उत्साहित थे और लंबे समय से तैयारी में जुटे थे. लेकिन अचानक हुए हादसे ने पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया. पिता की मौत के बाद मां बचुना देवी और बहन सोनी कुमारी की तबीयत लगातार खराब है. दोनों का इलाज दिनारा के एक निजी अस्पताल में चल रहा है.जानकारी के अनुसार, पुत्री सोनी कुमारी का तिलक पुरानी भोजपुर निवासी स्व. गोवर्धन साह के पुत्र सुनील कुमार के यहां तछ मई को तय था, जबकि बारात 12 मई को आनी है.

वहीं पूत्र मनु साह और सनी साह की बारात लालगंज निवासी दुन्दुर शाह की पुत्रियां संगीता कुमारी और काजल कुमारी के यहां 14 मई को जानी है.हाकिम शाह के निधन के बाद दोनों पक्षों के परिजनों, रिश्तेदारों और ग्रामीणों ने मिलकर निर्णय लिया कि यथिणी भवानी मंदिर भलुनीधाम परिसर में सादगीपूर्ण तरीके से दोनों बेटों और बेटी की तिलक, हल्दी व विवाह की रस्में पूरी करायी जायेंगी. परिजनों ने बताया कि पहले हाकिम शाह के अधूरे सपनों को पूरा किया जायेगा. बच्चों की शादी संपन्न होने के बाद उनका क्रियाकर्म विधिवत किया जायेगा. गांव में इस निर्णय को लेकर भावुक माहौल है. ग्रामीणों का कहना है कि भले ही हाकिम शाह अब इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन उनके सपनों को पूरा करने के लिए पूरा परिवार और समाज एकजुट होकर खड़ा है.

श्री शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ के लिए निकली भव्य शोभायात्रा

- हर-हर महादेव के जयघोष से भक्तिमय हुआ क्षेत्र, 14 मई तक चलेगा कथा ज्ञान यज्ञ

प्रतिनिधि, सूर्यपुरा

प्रखंड अंतर्गत सदर पंचायत के वार्ड संख्या नौ स्थित पश्चिम मुहल्ला के शिव मंदिर से गुरुवार को श्री शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ को लेकर भव्य जलभरी शोभायात्रा निकाली गयी. शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं की भारी भीड़ और हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा.

शोभायात्रा सूर्यपुरा बारी मुहल्ला से आचार्य कृष्णानंद जी और पवन पांडेय के वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ शुरू हुई. यात्रा में घोड़ा, बैंड-बाजा, दौपहिया और चारपहिया वाहन शामिल रहे.श्रद्धालु पैदल यात्रा करते हुए सूर्यपुरागढ़, बड़ा तालाब, छोटका पोखरा, जाल्हा, बलहा गांव और कुसुमहरा होते हुए क्षेत्र के प्रसिद्ध शक्तिस्थल भलुनी धाम देवी मंदिर पहुंचे.

जलभरी शोभायात्रा में शामिल लोग .

वहां पवित्र सरोवर में वैदिक मंत्रोच्चारण और विधिवत पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं ने जलभरी की. शोभायात्रा में शामिल महिला-पुरुष श्रद्धालु सिर पर कलश लेकर भक्ति गीतों और भगवान शिव के जयकारों के साथ आगे बढ़ते रहे.आयोजन समिति के लाल बाबू सिंह और नीतू देवी ने बताया कि कथावाचक यतिचंद्र शास्त्री जी महाराज के मुखारविंद से श्रीशिव महापुराण कथा का आयोजन किया जायेगा. इसके लिए शिव मंदिर परिसर के पास भव्य मंच का निर्माण कराया गया है. जहां श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराया जायेगा.श्रद्धालुओं के बैठने के लिए टेंट और अन्य सुविधाओं की व्यवस्था भी पूजा समिति ने की है. आयोजन समिति के अनुसार श्री शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ शुक्रवार 8 मई से शुरू होकर 14 मई तक चलेगा.इस दौरान प्रतिदिन धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे. 14 मई को विशाल भंडारे के साथ आयोजन का समापन होगा.कार्यक्रम में आचार्य सृष्टधर मिश्रा, विवेक विद्यार्थी, भुअर प्रसाद, मंटू चंद्रवंशी, पहाड़ी महतो सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे.

कोर्ट नोटिस

न्यायालय भूमि सुधार उप समाहर्ता सासाराम

ट्रा. रा. अपील वाद सं.- 1756/2024-25

कुनी देवी ----------अपीलार्थी

बनाम

अंचल अधिकारी, सासाराम-वैगैरह---विपक्षी

नोटिस बनाम- 1. अंचल अधिकारी, सासाराम 2. देवलाल पासवान 3. श्यामलाल पासवान दोनों पिता स्व. रामचन्द्र दुसाध 4. विरेन्द्र पासवान पिता स्व. मृत्युन्जा पासवान 5. अंगद पासवान पिता स्व. रामलाल पासवान सभी निवासी ग्राम --लालगंज, पोस्ट+थाना-सासाराम, जिला-रोहतास

इस नगर प्रकाशन के माध्यम से आप सभी को सूचित किया जाता है कि उक्त ट्रा. रा. अपील वाद आपलोगों के खिलाफ इस न्यायालय में दाखिल किया गया है जिसमें आपके निर्धारित तिथि दिनांक-19-5-26 को निर्धारित है आप सभी निर्धारित तिथि को स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से 10.30 बजे दिन में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपलोगों के खिलाफ एकपक्षीय आदेश कर दिया जायेगा. जिसकी जवाबदेही आपलोगों की होगी.

भूमि सुधार उप समाहर्ता, सासाराम.

जीवन उत्सव पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं व शिक्षकों की हुई स्वास्थ्य जांच



तिलौयू. प्रखंड के चंदनपुरा स्थित जीवन उत्सव पब्लिक स्कूल में अध्यवनरत छात्र-छात्राओं के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षकों व कर्मचारियों की भी स्वास्थ्य जांच की गयी.विद्यालय के निदेशक मिथिलेश शर्मा ने बताया कि विद्यालय के मार्गदर्शक जंगलेश प्रसाद चौरसिया के निर्देश पर नारायण चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, जमुहार के प्राचार्य के आग्रह से यह शिविर आयोजित किया गया. इसके लिए बीबीके के माध्यम से अनुमति प्राप्त हुई थी.शिविर में संस्थान के सात विशेषज्ञ चिकित्सक और 10 पैरामेडिकल कर्मी मौजूद रहे. स्वास्थ्य जांच के दौरान छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक सफदर अली, मृत्युंजय, राहुल, अभय पाल, सूरज शर्मा, भारत भूषण और शिक्षिकाएं डिंपल कुमारी, आरती, खुशनुमा परवीन, सबीना, निधा, इलिमा नूर और अर्पिता सहित सभी कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया. विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि यह स्कूल का वार्षिक कार्यक्रम है. प्रत्येक वर्ष छात्र-छात्राओं व कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाता है, जिससे सभी को लाभ मिलता है. कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक व कर्मचारियों का सराहनीय सहयोग रहा.

13 मई को कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का होगा आयोजन

अकबरपुर. राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आइटीआइ) एलडब्ल्यूडब्ल्यू तुम्बा, रोहतास में आगामी 13 मई बुधवार को कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जायेगा. यह प्लेसमेंट ड्राइव संस्थान परिसर में सुबह दस बजे से शुरू होगा, जिसमें विभिन्न ट्रेड के प्रशिक्षु भाग ले सकेंगे.संस्थान प्रशासन द्वारा जारी सूचना के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि और समय पर संस्थान में उपस्थित होना अनिवार्य होगा. अभ्यर्थियों को अपने सभी मूल प्रमाणपत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो और अद्यतन बायोडाटा साथ लाने का निर्देश दिया गया है.

प्लेसमेंट ड्राइव में शामिल होने वाले सभी अभ्यर्थियों के लिए औपचारिक ड्रेस में उपस्थित होना अनिवार्य किया गया है.संस्थान के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी ने बताया कि यह कैंपस प्लेसमेंट प्रशिक्षुओं को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है.

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank (The name you can BANK upon !)

सम्पत्ति खुली प्रबंधन शाखा
ओल्ड जीटी रोड, औरंगाबाद, बिहार-824101

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 9 (1) के प्रावधान के तहत चल/अचल सम्पत्ति की बिक्री के प्रतिभूतिकारों एवं ऋणदाताओं को बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना
एतद्द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से ऋणकर्ता (ओं) और गारंटर (ओं) को नीचे वर्णित विवरण तहत है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी / चार्ज की गई है, जिसका एक्सप्रोप्रिएशन/भौतिक/प्रतीकात्मक कब्जा उनके द्वारा ले लिया गया है। बैंक के प्राधिकृत अधिकारी सुरक्षित ऋणदाता को अपने कब्जाधीन की गयी संपत्ति के नीचे वर्णित मैं प्रतिभूतिहित बिक्रि पर "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है" और "जो कुछ भी है" पर बेचने जा रहा है। संपत्ति विवरण इस प्रकार है (ओं) और गारंटर (गारंटरों) ये सूचित किया जाता, आयोजित मूल्य और बयाना राशि जमा नीचे दी गई तारीख में सम्बंधित खरीददारों के अनुसार होगी।

परिशिष्ट- IV-A [नियम 9 (1) का प्रावधान देखें](सुरक्षित परिसंपत्तियों की अनुसूची)

क्र.	शाखा का नाम / खाते का नाम / ऋणकर्ता/गारंटर के साथ का नाम एवं पता	गिरवी रखी गई अचल संपत्तियों का विवरण/मालिक का नाम (संपत्ति को गिरवी रखने वाली)	(क) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के तहत मांग सूचना की तिथि (ख) मांग सूचना के अनुसार भुगतान राशि (ग) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(4) के तहत कब्जा की तिथि (घ) कब्जे की प्रकृति	(क) आरक्षित मूल्य (लागत अन्य्स में) (ख) ईएमडी (ग) बोली वृद्धि राशि	ई-नीलामी की तिथि/समय	सुरक्षित लेनदारों को ज्ञात ऋणकर्ता का विवरण
1	पीपुलबी-करगहर(235300) मेसर्स सृष्टि मिनी राइस मिल प्रोप-श्रीमती राजकुमारी देवी पति श्री संजय राय श्री राजबंश राय पिता श्री संजय राय श्री मनोज कुमार राय पिता श्री राजबंश राय श्री जेन नारायण राय पिता श्री राजबंश राय श्री संजय कुमार राय पिता श्री राजबंश राय श्रीमती राजकुमारी देवी पति श्री संजय राय सभी ग्राम रामपुरा पोस्ट + थाना -करगहर जिला-रोहतास बिहार, पिन-821107 के निवासी हैं	अचाय संपत्ति विवरण- मौजा-रामपुरा, हल्का संख्या- 7, थाना- करगहर, जिला- रोहतास, बिहार, खाता संख्या- 27, प्लॉट संख्या- 129, रकबा- 10 डिसमिल, चौद संख्या- 12920 दिनांक 04/11/2010 मालिक/बंधककर्ता- श्रीमती राजकुमारी देवी पति श्री संजय राय चौहद्दी :उत्तर- हाल खरिदर, दक्षिण- राजबंश राय, पूर्व- राजबंश राय, पश्चिम- हाल्र	क) 11.02.2022 ख) रु. 33,07,305.41 + अतिरिक्त ब्याज ग) 05.09.2025 घ) सांकेतिक	क) रु.38,00,000/- ख) रु.3,80,000/- ग) रु. 50,000/-	दिनांक 26.05.2026 को दोपहर 12:00 बजे से शुरू 04:00 बजे तक	ज्ञात नहीं

निरस्त पत्र शर्तें - बिक्री सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियमों एवं शर्तों और निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगी:
1. संपत्तियों को "जैसा है जहां है है के आधार पर" और "जैसा है जो है के आधार पर" और "जो कुछ भी है" के आधार पर बेचा जा रहा है। 2. यहां जारी अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित संपत्तियों का विवरण प्रतिभूति अधिकारी को उपलब्ध जानकारी के अनुसार बताया गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस उद्घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत विवरण या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा। 3. बिक्री अधिकारपत्रों/ज्ञापन केवलमात्र https://bank.net.com पर उपलब्ध है।-नीलामी पोर्टलों के माध्यम से 26.05.2026 को दोपहर 12:00 बजे से शुरू 04:00 बजे तक की जाएगी। 4. बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया https://bank.net.com और www.pnbindia.in देखें। 5. प्राधिकृत अधिकारी को बोली को स्वीकार करने या रद्दी बोलियों को अस्वीकार करने, यदि स्वीकार न हो, या किसी भी समय बिना कोई कारण बताए नीलामी की शर्तों को संशोधित/रद्द/स्थगित/बंद करने का अधिकार सुरक्षित है एवं इस संबंध में उत्तरदायित्व अस्वीकार होगा।

सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 9 (1) के तहत वैधानिक बिक्री सूचना | विज्ञापन की डिस्प्ले में अंग्रेजी पाठ मानक होगा | प्राधिकृत अधिकारी

पिता के सपनों को पूरा करने के लिए नम आंखों के बीच हुई बेटी की शादी

- तिलक से लौटते समय हादसे में दूल्हन के पिता समेत पांच की हुई थी मौत

प्रतिनिधि, दिनारा

कभी-कभी जिंदगी ऐसा दर्द देती है, जिसे शब्दों में बांध पाना मुश्किल हो जाता है. दिनारा प्रखंड के मठिया गांव में गुरुवार को कुछ ऐसा ही दृश्य देखने को मिला, जहां एक तरफ शादी के मंगल गीत गूंज रहे थे, तो दूसरी तरफ हर आंख आंसुओं से भरी थी. यह शादी सिर्फ एक रस्म नहीं, बल्कि एक पिता के अधूरे सपनों को पूरा करने की भावुक कोशिश बन गयी. दरअसल चार दिन पहले जिस घर में शहनाई बजने वाली थी, वहां अचानक मातम छा गया था, बेटी की शादी की खुशियों के बीच हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे परिवार को तोड़ दिया.लेकिन पिता द्वारा तय की गयी तारीख को नहीं बदला गया. भलुनीधाम में बेटी कोशल्या कुमारी और पुत्र सुशील कुमार की शादी समाज और ग्रामीणों के सहयोग से संपन्न करायी गयी. दरअसल, मठिया गांव निवासी अशोक कुमार सिंह अपनी पुत्री कोशल्या कुमारी का तिलक समाहरा चेनारी थाना क्षेत्र के लोधी गांव में संपन्न करावर लौट रहे थे. तभी गांव के समीप बस से उतरते समय अनियंत्रित कंटेनर ने लोगों को कुचल दिया. हादसे में अशोक कुमार सिंह समेत पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी थी, जबकि दस लोग गंभीर रूप से घायल हो गये थे. कई घायलों का इलाज अब भी वाराणसी में चल रहा है. पिता की मौत के महज तीन दिन बाद जब बेटी शादी के मंडप में बैठी तो बार-बार उसकी आंखें भर आयीं. हर रस्म के दौरान वह अपने पिता को याद कर फफक पड़ती थी. बेटी को रोता देख वहां मौजूद रिश्तेदार, ग्रामीण और महिलाएं भी अपने आंसू नहीं रोक नहीं पा रही थी.पूरा माहौल गम और संवेदना से भर गया था.

भलुनीधाम में शादी समारोह में शामिल परिजन.

भलुनीधाम में हुई इस शादी में आये लोगों की आंखें भी हुई नम : ग्रामीणों का कहना था कि अशोक कुमार सिंह ने बड़े अरमानों के साथ बेटी की शादी की तैयारी की थी. घर में उत्सव का माहौल था, लेकिन एक हादसे ने सारी खुशियां छीन लीं. ऐसे कठिन समय में गांव और समाज के लोग परिवार के साथ खड़े हुए. सभी ने मिलकर पिता के उस वचन को निभाया, जिसमें उन्होंने बेटी के हाथ पीले करने का सपना देखा था. भलुनीधाम में संपन्न हुई यह शादी अब सिर्फ एक पारिवारिक समारोह नहीं, बल्कि इंसानियत, सामाजिक एकजुटता और पिता के अधूरे सपनों की मार्मिक मिसाल बन गई है.शादी के इस मौके पर पूर्व मंत्री संतोष कुमार सिंह के पुत्र व स्थानीय विधायक आलोक सिंह भतीजा शेखर सिंह उर्फ छोटू सिंह, शिवजी सिंह उर्फ बबुआ सिंह, डॉ अरुण कुमार, गोपाली सिंह, सोनू कुशवाहा, धीरज मेहता, शशि सम्राट, गौतम कुशवाहा, रितेश राज, मुखिया उमेश कुशवाहा आदि मौजूद थे.